अमर उजाला 26/01/2025

आईपीआर युवाओं के लिए वरदान : डॉ. रोहित

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में प्राचार्य डॉ रोहित दत्त के दिशा निर्देशन में चल रहे पांच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम का सफल समापन किया। इसका आयोजन पांच सत्रों में किया गया और हर सत्र में विभिन्न संस्थाओं से आए वक्ताओं ने आईपीआर यानी, बौद्धिक संपदा अधिकार से जुड़े विषयों पर विस्तार में चर्चा की। पांचवें एवं आखिरी सत्र में मैग्मा रिसर्च एंड कंसल्टेंसी सर्विसेस के निदेशक डॉ गौरव कुमार ने बतौर मुख्य वक्ता शिरकत की और आईपीआर के महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की। संवाद